भारत सरकार
रेल मंत्रालय
रेल भर्ती प्रकोष्ठ
उत्तर मध्य रेलवे, इलाहाबाद

कार्यालय का पता– उप मुख्य कार्मिक अधिकारी/भर्ती कार्यालय, उत्तर मध्य रेलवे,
10 कचहरी रोड, निकट भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा, इलाहाबाद (उ.प्र.–)211001
पत्राचार का पता : सहायक कार्मिक अधिकारी/भर्ती उत्तर मध्य रेलवे,पोस्ट बैग नम्बर 201, इलाहाबाद, पिन कोड– 211034
उत्तर मध्य रेलवे में ग्रुप 'डी' पदों को भरने के लिए रोजगार सूचना, रोजगार सूचना सं. 1/07 (ग्रुप डी)
आवेदन पत्र जमा करने की प्रारम्भिक तिथि 22.12.2007, वेबसाईट– i. www.ncr.gov.in
आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 22.01.2008, 18:00 बजे तक ii. www.rrc.ncr.ald.gov.in
अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह तथा लक्षद्वीप के उम्मीदवारों के लिए अंतिम तिथि 06.02.2008 को 18:00 बजे तक होगी।

1. विस्तृत अधिसूचना **1.1** उत्तर मध्य रेलवे में ग्रुप डी श्रेणियों में 2968 पदों को भरने के लिये भारतीय नागरिकों तथा ऐसे व्यक्तियों से जिन्हें गृह मंत्रालय सरकार द्वारा योग्य घोषित किया गया है एवं **सचिव कर्नाटक राज्य एवं अन्य** बनाम उमा देवी एवं अन्य के मामले में दिये गये माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दिये गये सामान्य निर्देशों को मानते हुए सादे कागज में निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। **1.2** निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र साधारण डाक से सहायक कार्मिक अधिकारी (भर्ती), रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, उत्तर मध्य रेलवे, पोस्ट बैग नं0 201, इलाहाबाद (उ.प्र.) पिन कोड–211034 को संबोधित कर भेजे जा सकते हैं या अन्तिम तिथि 22.01.2008 को 18.00 बजे तक रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ/उत्तर मध्य रेलवे, 10 कचहरी रोड, (स्टेट बैंक ऑफ इन्डिया,मुख्य शाखा के नजदीक)आवेदन कक्ष/बाक्स में (अवकाश के दिन अर्थात शनिवार, रविवार एवं राजपत्रित अवकाश को छोड़कर) सभी कार्यालय दिवस में डाल सकते हैं। **1.3** अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह तथा लक्षद्वीप के उम्मीदवारों के लिए अंतिम तिथि 06.02.2008 को 18:00 बजे तक होगी। **1.4** अंतिम तिथि और समय के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। **1.5** जिस लिफाफे में आवेदन पत्र भेजें उसके ऊपर **''उत्तर मध्य रेलवे में ग्रुप 'डी' पद हेतु आवेदन पत्र''** अवश्य लिखा होना चाहिए। **शारीरिक रूप से अशक्त** अभ्यर्थी लिफाफे के दाहिने तरफ ऊपर बड़े अक्षरों में ''शारीरिक रूप से अशक्त'' अवश्य लिखें। **1.6** किसी भी उम्मीदवार को केवल एक आवेदन पत्र प्रस्तुत करना चाहिए भले ही वह एक से अधिक कोटियों के लिए विचार किए जाने हेतु इच्छुक हों। एक से अधिक आवेदन पत्र प्रस्तुत करने वाले उम्मीदवारों के आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। यदि ऐसा उम्मीदवार चयनित भी हो जाता है तो भी उसकी नियुक्ति नहीं की जायेगी। उम्मीदवारों को परामर्श दिया जाता है कि वे पैरा 6 के निर्देशानुसार प्राथमिकता क्रम में कोटियों तथा तैनाती के स्थान का विकल्प दें, लेकिन इससे उम्मीदवारों को कोई भी पद/स्थान आवंटित करने का अधिकार सुरक्षित नहीं होगा। **1.7** परीक्षा की तिथि और समय प्रशासनिक सुविधानुसार निर्धारित किया जायेगा, किसी भी स्थिति में परीक्षा के समय, तिथि और परीक्षा केन्द्र में परिवर्तन के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जायेगा। **1.8** किसी भी तरह का दबाव या अनुचित तरीके अपनाये जाने का प्रयास करने वाले उम्मीदवार को अयोग्य ठहराया जा सकता है। **1.9** भर्ती का आयोजन रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, उत्तर मध्य रेलवे के द्वारा किया जायेगा (आगे से इसे आरआरसी/उ.म.रे. के रूप में दर्शाया गया है)

2. पदों के नाम जिनके लिए भर्ती की जा रही है :–

कोटि सं.	पद	वेतनमान	चिकित्सा परीक्षण मानक	सामान्य	अ. जा.	अ. ज.जा.	अ. पि.व.	कुल	भू. सै.	विकलांग कोटा
1	हेल्पर– ।। (विद्युत)	2550-3200	B-1	132	57	36	48	273	56	0
2	हेल्पर– ।। विद्युत (सामान्य)	2550-3200	B-2	3	1	-	1	5	1	0
3	हेल्पर– ।। विद्युत (वर्कशॉप)	2550-3200	A-2	-	1	9	-	10	2	0
4	ग्रुप डी (आपरेटिंग)	2550-3200	A-2	95	24	-	44	163	35	0
5	हेल्पर– ।। (सिविल इंजी.)	2550-3200	B-1	72	22	11	38	143	28	0
6	फेरो खलासी/स्टोर पोर्टर, चौकीदार (सा.प्रशा.)	2550-3200	C-1	3	-	-	-	3	-	0
7	आफिस खलासी (सा.प्रशा.)	2550-3200	C-2	27	8	11	10	56	12	2
8	कार्यालय खलासी लेखा, कैश एवं पे	2550-3200	B-1	22	-	08	09	39	08	1
9	हेल्पर– ।। (एस एण्ड टी)	2550-3200	B-1	110	36	67	50	263	52	0
10	सफाई वाला (आप्रेटिंग, सी.एण्ड डब्ल्यू, मेडि.)	2550-3200	A-2,B-1,C-1	102	30	25	60	217	43	7
11	सहायक प्वाइंट्स मैन/आपरेटिंग,	2550-3200	A-2	121	30	61	61	273	54	0
12	गेट मैन/आपरेटिंग	2550-3200	A-2	14	4	2	7	27	5	0
13	ट्रैक मैन (गैंग मैन)/सिविल इंजी.	2610-3540	B-1	322	126	321	326	1095	219	0
14	हास्पीटल अटेडेंट/आया /एम्बुलेंस क्लीनर	2550-3200	C-1	6	1	1	4	12	2	0
15	हेल्पर– ।। (यां.कै. एण्ड वै.)	2550-3200	B-1	76	04	22	05	107	22	0
16	हेल्पर– ।। (यां./वर्कशाप)	2550-3200	C-1	64	19	87	35	205	41	0
17	हेल्पर– ।। (यात्रिक)	2550-3200	B-2	-	-	5	-	5	1	0
18	हेल्पर– ।। (भंडार)	2550-3200	A-2	50	06	16	-	72	14	0
		कुल योग		**1219**	**369**	**682**	**698**	**2968***	**591**	**10**